NEWS / फटाफट

अनियंत्रित कार डिवाईडर पर चढ़ी, क्षतिग्रस्त

रुद्रपुर। देर रात दिल्ली-नैनीताल रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर अनियंत्रित कार डिवाईडर पर चढ़ी और दुर्घटनाग्रस्त होगई। हालांकि इस घटना से किसी के चोटिल होने की खबर नहीं हैं। शनिवार की देर रात रुद्रपुर से बिलासपुर की ओर जा रही एक कार आरटीओ चेक पोस्ट के पास अनियंत्रित हो गई और डिवाईडर पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि कार चला रहा युवक नशे की हालत में था। इसी कारण वह अपना आपा खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर पर चढ़ गई। घटना के दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गई। इससे यातायात भी प्रभावित हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और वाहनों को हटवा कर यातायात सुचारु कराया।

पैरा स्पोर्टस प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

बाजपुर। पैरा स्पोर्टस को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ चिकित्सक आरके अग्रवाल भाजपा के मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता व सभासद महेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। विदित हो कि 15 व 16 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित दो दिवसीय सिटिंग वालीबाल प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग में 12-12 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। कोच भरत कुमार ने कहा कि पैरा खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। शिविर में पैरा खिलाड़ी स्टेट, नेशनल व इंटर नेशनल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। उन्हें खेल मंत्री 14 दिसम्बर को रवाना करेंगे। शिविर में पैरा खिलाड़ियों को बारीकी व तकनीकी जानकारी दी गयी। वहां पर अविनाश, हरविंदर, पैरा सचिव प्रेम कुमार, अनिल राणा, कासिम अली, कोच भरत कुमार, रेखा, रिंकी, गंगा, सुनीता आदि मौजूद थे। इस दौरान भाजपा के मण्डल अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने दो पैरा खिलाड़ियों को व्हील चेयर प्रदान की। वहीं भुवनचंद गुणवंत ने भी सहयोग करने की बात कही। ते हुए भविश्य में भी अपनी ओर से पैरा खिलाडियों की यथा संभव मदद करने की बात कही।

फेसबुक में अभद्र टिप्पणी से भाजपाइयों का पारा चढ़ा

किच्छा। भाजपा के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभ्रद टिप्पणी किये जाने से भाजपाइयों का पारा चढ़ गया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सीओ हिमांशु शाह को नामजद तहरीर सौंपी। इधर भाजपाइयों का कहना है कि इस पर कड़ी कार्रवाई न होने से वे इस मामले को पुलिस के आला अधिकारियों व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दहजीज तक पहुंचायेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष लवी सहगल के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। वहां वार्ड एक निवासी सोनल कुशवाहा ने सीओ हिमांशु शाह को तहरीर सौंपी। तहरीर में बंडिया निवासी सरवर हुसैन नामक युवक पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाया। इधर सीओ शाह ने कोतवाल योगेश उपाध्याय को शिकायत की तुरन्त जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये। वहां भाजपा मंडल महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, सरन संधू, चंद्रसेन गंगवार, सोनल कुशवाहा, नितेश बाला, विपिन शर्मा, अर्जुन सिंह, राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

शौर्य दिवस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले कार्यकर्ता सम्मानित

रुद्रपुर। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के भर्ती अभियान के समापन के अवसर पर रामलीला मैदान में आयोजित किये गये शौर्य दिवस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं के स्वागत के लिये एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी को सम्मानित किया गया। इस दौरान समाजसेवी विजय फुटेला को भी कार्यक्रम में सहयोग करने पर सम्मानित किया गया। बैठक में शौर्य दिवस कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बनाई गई। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के

कार्यक्रम / आने वाला समय कांग्रेस का होगा : चीमा

भाजपा का असली चेहरा उजागर : बेहड़

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप चीमा ने ग्राम फाजलपुर महरौला के प्रीत विहार क्षेत्र में 13 लाख 50 हजार की लागत से नवनिर्मित 300 मीटर सड़क का उद्घाटन किया।

सड़क प्रीत विहार मेन रोड से लालबचन के घर तक 200 मीटर और मेन रोड से जितेन्द्र के घर तक 100 मीटर बनी है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बेहड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया है।

कांग्रेस पार्टी हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कटाक्ष करते हुये कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों पर अत्याचार शुरू हो गये

फाजलपुर महरौला में सड़क का लोकार्पण करते पूर्व मंत्री बेहड़ व जिला पंचायत उपाध्यक्ष चीमा

■ 13.50 लाख की लागत से नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन

हैं। चुनाव से पहले किसानों के कर्ज माफी की घोषणा को अखबारों में छपवा कर किसानों से वोट लिया और अब कर्ज माफी नहीं होगी, ऐसा ऐलान कर दिया। यही है भाजपा का असली चेहरा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप चीमा ने कहा कि विकास की सोच रखने वाली कांग्रेस पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखण्ड में सभी लोकसभा सीटें जीतेगी और आने वाला समय एक बार फिर कांग्रेस पार्टी का होगा और उससे क्षेत्र में विकास की लहर वापस आयेगी। किसानों को धोखा देने वाली भाजपा सरकार को क्षेत्र की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

इस दौरान मनवीर सिंह, नवाब सिंह, गजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, अजमेर सिंह, जिमेन्द्र सिंह, संतोष गुप्ता, गुरलगन सिंह, कुलजीत सिंह, सरदार साधम सिंह, असगर अली, दलजीत सिंह, उपेन्द्र गुप्ता, इरफान, निखिल, देधनाथ, केपी गंगवार, नरवैल सिंह, गुरमेज सिंह, संतोष वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

हजारों की नगदी समेत दो जुआरी दबोचे

किच्छा। कोतवाली पुलिस ने करीब 73 हजार की नगदी सहित दो जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने मौके से दो वाहनों को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों की शिकायत पर सीओ हिमांशु शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खुरपिया में खाली खेत में औचक छापा मारा। पुलिस के पहुंचने की सूचना पर मौके से कई ग्रामीण व जुआरी फरार हो गये। इस दौरान शान्तिपुरी नम्बर 4 निवासी विरेन्द्र सिंह पुत्र गोविन्द सिंह तथा रम्पुरा, रुद्रपुर निवासी राज कोली पुत्र राम मोहन कोली जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। पुलिस ने मौके से 73144 रुपये की नगदी भी बरामद की। पुलिस ने स्कूटी संख्या यूके 06 एच 5152 तथा बाइक संख्या यूके 06 जी 1277 को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। सीओ हिमांशु शाह ने कहा कि जुए का अवैध करोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

बाइक चोरी व जेब काटने की घटनाओं पर लगायें अंकुश

बाजपुर। हिन्दूवादी संगठनों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक चोरी व हाट बाजार में जेब काटने की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने कोतवाल वीडी उनियाल को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। हिन्दू महासभा के कुमायूं मण्डल के सह अध्यक्ष हेमकाण्डपाल के नेतृत्व में लोगों ने कोतवाली में कोतवाल वीडी उनियाल का घेराव किया। इस दौरान बाइक चोरी व साप्ताहिक बाजार में जेब काटने की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। वहां भाजपा नेता विमल शर्मा, इदरीश अहमद, तनिकेत पासी, सोनू श्रीवास्तव, टिंकू यादव, शिवम दिवाकर, संजीव सागर, विकास सागर, हरपाल सैनी, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

डोर-टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण योजना का शुभारंभ

बाजपुर। नगर पालिका ने डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण योजना का शुभारम्भ पूर्व पालिकाध्यक्ष व सभासदों ने वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने के लिए इस योजना का शुभारम्भ किया है। वहां सभासद जगतजीत सिंह, रघुवीर सहोता, तिलकराज शर्मा, महेश कुमार आंशु, संतोश सक्सेना, पूर्व सभासद रामअवतार यादव, कांग्रेसी नेता साबिर हुसैन, सुनील चानना, अधिशांसी अधिकारी अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

मानवाधिकारों की रक्षा को आगे आने का आह्वान

बाजपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बैरिया दौलत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिविर की अध्यक्षता सिविल जज अरुण वोहरा ने की। उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर 1950 में विश्व मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया। इस दिन विश्व में यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सेवा प्राधिकरण के अर्न्तगत जनजागरूकता के लिए शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों की देख रेख के लिए अधिनियम 2007 बना। बताया कि प्राधिकरण के तहत महिलाओं, बच्चों, विकलांगों, मानसिक रोगियों, जेल व बालबंदी गृह में बन्द लोगों, एसएसी व एसटी, मजदूरों, वरिष्ठ नागरिकों, किन्नरों व भूतपूर्व सैनिकों, जिनकी वार्षिक आमदनी एक लाख से कम है उन लोगों, निशुल्क न्याय उपलब्ध कराया जाता है। वहां प्रभारी तहसीलदार वसी खां, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलवंत उप्पल, कानूनगो भूपेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान मुख्त्यार सिंह, ब्रजवाला शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

जुआ खेलने का विरोध करने पर तमंचे से फायर

रुद्रपुर। जुआ खेलने का विरोध करने पर एक जुआरी ने तमंचे से फायर कर दिया। हालांकि गोली मिस हो गई। इससे एक बड़ी घटना होने से बच गई। जानकारी के मुताबिक शहर में जुआ खेलने का धंधा जोरों पर चल रहा है। शहर के हर कोने में जुए का अड्डे बने हुये हैं। मगर जुआरी इतने बेखौफ हो गये हैं कि उन्हें पुलिस का भी डर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शहर के रविन्द्र नगर में जुआरियों के आतंक से लोगों में खासा रोष है। देर रात जुआरियों ने जुआ खेलने का विरोध करने वाले पर तमंचे से फायर कर दिया। हालांकि गोली मिस हो गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। तब तक लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। घटना स्थल थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र का है। इंस्पेक्टर एमपी सिंह ने बतायाकि कार्रवाई चल रही है। आरोपी को जेल भेजा जायेगा।

एनसीसी छात्राओं ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

रुद्रपुर। यहां 24 यूके गर्ल्स बटालियन अल्मोड़ा द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत श्री गुरु नानक बालिका इंटर कालेज की एनसीसी छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ कालेज की प्रधानाचार्या कुलविन्दर कौर संधू ने हरी झंडी दिखा कर किया। रैली आदर्श कालोनी, इन्दिरा कालोनी, सिंह कालोनी, आदर्श बंगाली कालोनी आदि कालोनियों में पहुंची। यहां पर लोगों को सफाई के लिये प्रेरित किया गया। रैली के दौरान एनसीसी छात्राओं ने लोगों से अपने घरों के आस पास स्वच्छ रखने को कहा। इस दौरान प्रधानाचार्या ने बताया कि लोगों को सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिये। आजकल स्वच्छता पखवाड़ा 2017 मनाया जा रहा है। इस मौके पर एनसीसी की एएनओ इन्द्रजीत कौर समेत कई लोग मौजूद थे।

डा. अंबेडकर की स्मृति में लगा स्वास्थ्य कैंप

किच्छा। डा. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में उनकी स्मृति में आवास विकास स्थित पार्क में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ समिति अध्यक्ष डा. ब्रज किशोर, डा. प्रदीप कुमार सिंह , वार्ड सभासद संदीप अरोरा सहित तमाम गणमान्य लोगों ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डा. प्रदीप कुमार सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुनैन बाला, डा. योगेन्द्र प्रताप, डा. ब्रज किशोर ने मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की। वहां वरिष्ठ भाजपा नेता कुन्दन लाल खुराना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मराज जायसवाल, हरीश देवराणी, दुर्गेश गंगवार, आशीष तिवारी, ईश्वर चंद, भगवान दास, ओमवीर सिंह, रामपाल गौतम, अमरदीप सिंह, रवि रावत, विमला देवी, रुपा देवी, सियाराम, राजपाल आदि मौजूद थे।

बालाजी महाराज के गुणगान से माहौल भक्तिमय

रुद्रपुर। श्री बालाजी मंडल संजयनगर खेड़ा के महंत बॉबी पासी के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार ग्राम धर्मपुर में राधेश्याम के निवास पर सजाया गया। दरबार में देर रात तक बालाजी महाराज का गुणगान किया गया जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। दरबार का शुभारम्भ भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष विजय फुटेला ने ज्योति प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान महंत बॉबी पासी और अतिथि के रूप में पहुंचे फुटेला का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में समरसता लाते हैं। धार्मिक आयोजनों से समाज में लोगों को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है और बुराइयां दूर होती है। समय-समय पर धार्मिक आयोजन होने से नई पीढ़ी को भी हमारी संस्कृति का ज्ञान होता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों में अपना हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। दरबार में भजनों की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। देर रात तक भक्तों ने भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान किया। भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। दरबार में सतीश ग्रोवर, संदीप धीर, सुरेंद्र लाल छाबड़ा, प्रदीप यादव, श्याम मदान, पप्पू कोली, राहुल गुप्ता, प्रवीण अरोरा, सुरेंद्र छाबड़ा, अनीता छाबड़ा, संतोष, अनिल सागर, शंकर विश्वास, विशाल पासी, शिवम पासी, अमर सिंह चौहान, विश्वनाथ बाला, गायत्री कोली, शांति कोली, सावित्री आदि मौजूद थे।

निकाय चुनाव लड़ेगी अखिल भारतीय तुरैहा समाज

बाजपुर। अखिल भारतीय तुरैहा समाज की बैठक में आने वाले निकाय चुनावों पर चर्चा की गयी। साथ ही कांग्रेस व भाजपा पर समाज की समस्याओं को अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए समाज के व्यक्ति को चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया गया। रविवार को संस्था के प्रदेशाध्यक्ष हीरालाल तुरैहा के आवास पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देते हुए प्रचार किया गया था। प्रदेश की सत्ता में आने के बाद भी भाजपा द्वारा समाज की किसी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे समाज के लोग अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। समाज के अधिकांश लोगों का पेशा मत्स्य पालन का है लेकिन इसके बाद भी पार्टी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के लोगों को तालाब का आवंटन किया जा रहा है। यही नहीं, मत्स्य विभाग में समाज के किसी भी व्यक्ति को पद नहीं दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि नगर निकाय के सीमा विस्तार के बाद समाज के मतदाताओं की संख्या हजारों में पहुंच चुकी है। इसके चलते समाज को एक मंच पर लाकर संगठित करने के बाद अपने स्तर से नगर निकाय का चुनाव लड़ा जाये। इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित करते हुए निर्णय लिया गया कि जल्द ही नगर निकाय क्षेत्र में निवास करने वाले समाज के सभी लोगों का सम्मेलन बुलाते हुए एक मंच पर आकर एकजुटता से निकाय चुनाव लड़ा जाएगा। बैठक में संस्था के प्रदेशाध्यक्ष हीरा लाल तुरैहा, राजेंद्र कश्यप, नरेश कश्यप, सुरेश चंद, रामअवतार, ओमप्रकाश, राम गोपाल, राजीव, संजय, राजू कश्यप, विकास कश्यप, कपिल, ओमकार, चोखे लाल सहित अनेक लोग थे।

नहीं हुई लाश की शिनाख्त

रुद्रपुर। शनिवार की सुबह गदरपुर रोड ओवर ब्रिज पर मिली लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। बता दें कि शनिवार की सुबह को गदरपुर रोड के ओवर ब्रिज पर एक अधेड़ की लाश बरामद हुई थी। हालांकि शरीर पर कोई चोट के भी निशान नहीं पाये गये। आशंका ठंड से मौत होने की जताई जा रही थी। मौत की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा। रिपोर्ट अभी पुलिस को नहीं मिली है। कोतवाल तुषार बोरा ने बताया कि शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

सामूहिक विवाह में 16 जोड़े एक-दूजे के हुये

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। देशज सर्वोदय सांस्कृतिक समिति एवं लघु उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में ट्रांजिट कैंप में सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 16 जोड़े एक-दूजे के हुये। समिति के अध्यक्ष कल्याण सिंह व संयोजक संजीव गुप्ता समेत टीम में शामिल अनिल चौहान, जेएन तिवारी, डीपी सिंह, ललित राठौर, विकास कुमार, विजय यादव, गोपी सागर, अजय तिवारी, सोनू, पवन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, नरेन्द्र सोनकर, विनोद कुमार, गुरजीत सिंह पन्नू,

अभय सिंह आदि सबसे आगे बाराती के रूप में चल रहे थे। उनके पीछे 16 दूल्हे टुकटुक में सवार थे। बैंड बाजे के साथ निकली बारात गल्ला मण्डी से प्रारंभ हुयी और भगत सिंह चौक, बाटा चौक, डीडी चौक, लेक पैराडाइस होती हुई ट्रांजिट कैंप के फुटबाल मैदान में आयोजित विवाह स्थल पर पहुंची। यहां पर बारात का जोरदार स्वागत देशज सर्वोदय सांस्कृतिक समिति एवं लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप द्वारा किया गया। विवाह को गायत्री परिवार के पुरोहितों द्वारा हिन्दू विधि विधान के साथ सम्पन्न कराया गया और सामूहिक रूप से वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी एवं सफल दाम्पत्य जीवन की कामना की गयी।

इस दौरान कल्याण सिंह, संजीव गुप्ता, उत्तम दत्ता, अनिल चौहान, जेएन तिवारी, डीपी सिंह, ललित राठौर, विकास कुमार, अभय तिवारी, सोनू, पवन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता,डा. अश्वनी सिंह, पप्पू राजपूत, जमुना प्रसाद, विजय यादव, राकेश सिंह, तरूण दत्ता, नीतिन गुप्ता, गोपी सागर, सुशील गावा, कमल सोनकर, प्रो. शर्मिला सक्सेना, वाईके शर्मा, राकेश अग्रवाल, बसंत सिरोही, नरेन्द्र शर्मा, लक्की, मोहन खेड़ा, गीता देवी, राजवीर यादव आदि मौजूद थे।

बंद घर में सेंध लगाकर लाखों के सामान पर हाथ साफ

किच्छा। चोरों ने वार्ड 7 में बड़ी वारदात को अंजाम देते हुये करीब सात लाख कीमत के नगदी, जेवर व घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिवार के सभी लोग विवाह समारोह में शिरकत करने गये थे। घर के सभी लोग जब घर वापस लौटे तो घर के सभी कमरों व अलमारी सहित बक्सों के ताले टूटे पाये जाने पर उनके होश उड़ गये। ग्रह स्वामी की सूचना पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरु कर दी है। वार्ड 7 निवासी बुंदन मंसूरी परिवार के साथ देर रात्रि वार्ड निवासी रिश्तेदार के यहां शादी में शिरकत करने गये थे। पीड़ित के अनुसार जब वे देर रात्रि

करीब ढाई बजे घर वापस लौटे तो मुख्य द्वार सहित तीनों कमरों के ताले टूटे पाये गये। चोरों ने मुख्य द्वार सहित तीनों कमरों के दरवाजों के तालों को तोड़कर अलमारी व बक्सों के तालों को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गृहस्वामी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। घटना की सूचना पर कोतवाल योगेश उपाध्याय, एसएसआई खुशवंत सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित की पत्नी तबस्सुम के अनुसार सोने की एक मांगपटटी, सोने के झुमके, सोने की एक नथ, सोने की एक अंगूठी, 10 हजार नगद, एक दर्जन नये लेडीज सूट, एक घरेलू गैस सिलेन्डर सहित पीतल, तार्बे व स्टील के करीब 30 नये बर्तन चुरा लिये। तबस्सुम के अनुसार उसकी बहन तरन्नुम के सोने के दो झुमके, सोने की एक अंगूठी, सोने की एक मांगपटटी, 14 तोले की एक जोड़ी पायल, सोने की एक नथ, सोने का एक हार, चांदी की सात अंगूठी चुरा ली। इसके अलावा चोरों ने उसके भाई मो. साबिर के कमरे से आधा तोले के सोने के झुमके, सोने की एक नथ व अंगूठी, 250 ग्राम की चांदी की दो पायल व नये कपडे सहित बर्तनों को चुरा लिया। ग्रह स्वामी मो. आरिफ ने बताया कि उसकी बहन शाहीन की शादी के लिए रखे गये 10 तोले के चांदी के जेवर, सोने का एक लाकेट, सोने की एक अंगूठी, दो झुमके व एक नथ सहित बर्तनों व कपडों को भी चोरों ने चुरा लिया। कोतवाल योगेश उपाध्याय के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धटना का जल्द खुलासा किया जायेगा। इधर यूथ कांग्रेस के विधानसभा महासचिव तस्लीम सलमानी की सूचना पर सीओ हिमांशु शाह ने भी मौके का मुआयना किया। युवा नेता तस्लीम सलमानी ने कहा कि 100 नम्बर पर कई बार फोन किया गया परन्तु इमरजेंसी नम्बर नहीं लगा।

हरिगोविंद साहिब में गुरुवाणी से संगत निहाल

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

बाजपुर। ग्राम बेतखेड़ी में नवनिर्मित श्री गुरु हरिगोविंद साहिब गुरुद्वारा साहिब में आयोजित समागम में गुरुओं की शहादत पर प्रकाश डाला गया। इधर प्रेम व भक्ति रस से ओत-प्रोत गुरुवाणी से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेक आर्शीवाद लिया।

समागम में प्रवचन करते हुए बाबा अवतार सिंह ने कहा कि गुरु साहिबानों व संतों की प्रेरणा से ही साहिबजादों का शहादत देते समय जरा भी मन नहीं डोला।

पंथ के लिए सराहनीय सेवा करने पर बाबा प्रताप सिंह, बाबा अमरजीत सिंह, हरेंद्र सिंह लाडी, विधायक राजकुमार ठुकराल, जिला पंचायत सदस्य कुलविंदर सिंह किन्दा, हरवीर सिंह गिल, ज्ञानी अवतार सिंह, ध्यान सिंह, जोगी सिंह, शमशेर सिंह शेरा आदि को सरोपाओं भेंट कर सम्मानित किया गया। इन दौरान बरताये गये अटूट लंगर को हजारों श्रद्धालुओं ने प्रेम से ग्रहण किया।

लाडली फौज ने दिखाये हैरतंगेज करतब

बाजपुर। इस दौरान गुरु की लाडली फौज ने हैरतंगेज कारनामे प्रदर्शित किये। हाथी व घोड़ों के लाव-लश्कर को इस प्रकार सजाया गया था। संत बाबा अवतार सिंह द्वारा जो बोले सो निहाल के उदघोष के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इा इस दौरान 40 घुड़सवारों ने अनेक साहसिक करतब दिखाये। बाबा अवतार सिंह के पुत्र प्रेम सिंह ने भी अनेक करतब प्रदर्शित किये। हाथी पर सवार खालसों ने रोचक प्रस्तुतियां दी गयी। घोड़ों की फौज के जत्थेदार बलवीर सिंह, महाकार मेजर सिंह ने लाडली फौज को निर्देशित किया।

15दिसम्बर को चल सकता है अतिक्रमण हटाओ अभियान

गदरपुर। गदरपुर में हर रोज लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने अब अतिक्रमण हटाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। संभवतः 15 दिसंबर के बाद प्रशासन किसी भी समय अभियान शुरू कर सकता है। एसडीएम पूरन सिंह राणा ने बताया कि हाइकोर्ट ने जनहित याचिका के बाद गदरपुर एन एच 74 से अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किये है जिसके अनुपालन में डीएम ने एन.एच, लोकनिर्माण विभाग की बैठक बुलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किये है। एसडीएम राणा के अनुसार एन.एच जब भी पुलिस फोर्स एवं मजिस्ट्रेट की मांग प्रशासन से करेगा वह उपलब्ध करवा दिया जाएगा। व्यापारियों से भी कहा जा चुका है कि वह अतिक्रमण हटा लें अन्यथा प्रशासन बलपूर्वक हटा देगा तथा उसका हर्जाना भी वसूला जाएगा। इधर व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज सेतिया ने कहा है अतिक्रमण हटाने के मामले में 12दिसम्बर को डीएम ने बैठक बुलाई गई है। उसमें इस मामले को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा परंतु व्यापार मंडल बाईपास की मांग पर अडिग है पहले बाईपास का निर्माण हो उसके बाद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाता है तो व्यापारी भी उसमें हरसम्भव सहयगिं प्रदान करने को तैयार है।

मानकों की अनदेखी / तनाव को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस तैनात

गांव में दो लोगों को साप्ताहिक बाजार लगाने की अनुमति से विवाद

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

बाजपुर। उच्च न्यायालय के आदेश पर जिला पंचायत द्वारा मानकों की अनदेखी करते हुए एक ही गांव में दो लोगों को साप्ताहिक बाजार लगाने की अनुमति दिये जाने के चलते विवाद हो गया। एक पक्ष द्वारा इस पर आपत्ति व्यक्त करते हुए प्रशासन से बाजार को हटवाने की मांग की गयी।

इसके चलते दोनों पक्षों में तनाव को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दोनों स्थानों पर बाजार लगवाया गया। विकास खंड के ग्राम इटब्बा में साप्ताहिक बाजार को लेकर काफी समय से दो पक्षों में विवाद चला आ रहा है। इसके चलते एक पक्ष सुखदेव सिंह पुत्र प्रीतम सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में वाद दायर कर अपील की गयी कि गुरुद्वारा साहिब एक धार्मिक संस्था है

ग्राम इटब्बा में लगा बाजार।

जिसके पास चढ़ावे के अतिरिक्त आय का कोई साधन नहीं है।

जिसके लिए वह स्वयं अपनी भूमि साप्ताहिक हाट लगवाने के लिए निःशुल्क प्रदान कर रहे हैं, ताकि श्री गुरुद्वारा साहिब की आय में बढ़ोत्तरी हो सके। जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा जिला पंचायत को गुरुद्वारा साहिब के पक्ष में बाजार लगाने की अनुमति देने के आदेश दिये गये थे। इसके चलते अप्रैल 2017 से सुखदेव सिंह की भूमि पर साप्ताहिक बाजार लगता आ रहा है। इसके उपरांत यही के निवासी हजारा सिंह पुत्र प्रीतम सिंह ने उच्च न्यायालय में रिट दायर करते हुए कहा कि इटब्बा के अंदर जहां बाजार लगवाया जा रहा है, वह आबादी क्षेत्र से डेढ़ किमी दूर है जिससे ग्रामीणों को खरीददारी करने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आबादी के पास इटब्बा चौराहे के पास उनकी भूमि में बाजार लगाने की अनुमति देने का अनुरोध किया। मामले की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिला पंचायत द्वारा हजारा सिंह को भी बाजार लगवाने की अनुमति दे दी गयी। बताया जा रहा है कि हजारा सिंह द्वारा न्यायालय को गुमराह किया गया है, जबकि दोनों बाजारों के बीच मात्र 700-800 मीटर का फासला है।

इसके बाद विवाद गहरा गया। श्री गुरुद्वारा साहिब पक्ष ने इसे न्यायालय के आदेशों की अवहेलना बताते हुए इसका विरोध किया तथा प्रशासन से न्यायालय के आदेशों के पालन की मांग की। विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी तथा भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में दोनो स्थानों पर बाजार लगवाया गया।